## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–19.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. पदम पुरस्कारों से सम्मानित 70 से अधिक डॉक्टरों ने कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखा पत्र, व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की मांग की, रिम्स में जूनियर चिकित्सकों की हड़ताल जारी, मरीजों का इलाज प्रभावित।
2. पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के झामुमो पर अपमान करने के आरोपों पर गरमाई प्रदेश की सियासत, भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर तेज हुई राजनीतिक बयानबाजी।
3. देशभर में रक्षाबंधन का उत्साह, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा इस पर्व के दिन, सभी देशवासी, समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने का लें संकल्प।
4. झारखंड सीनियर वुशु प्रतियोगिता में रांची की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी, चतरा दूसरे, पूर्वी सिंहभूम की टीम तीसरे स्थान पर रही।

**************

पद्म पुरस्कारों से सम्मानित 70 से अधिक डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की मांग की है। इन डॉक्टरों ने कहा है कि क्रूरता की ऐसी घटनाएं चिकित्सा क्षेत्र की सेवाओं को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा पर तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का भी आग्रह किया।

**************

सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ कल इस मामले की सुनवाई करेगी।

**************

कोलकाता में दुष्कर्म के बाद महिला डॉक्टर की हत्या के खिलाफ झारखंड समेत देश भर में डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी है। रांची के रिम्स में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल आज आठवें दिन भी जारी है। इस हड़ताल से मरीजों को इलाज में काफी परेशानी हो रही है ।

**************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के निर्देश पर महिला सुरक्षा और एटीएम संबंधी अपराधों की रोकथाम को लेकर त्वरित कार्रवाई के लिए डायल–112 का क्यूआर कोड बनाया गया है। रांची में कई सार्वजनिक स्थानों पर क्यूआर कोड चिपकाया जा रहा है। जिले के सभी ऑटो, ई–रिक्शा और नगर निगम की सभी बसों पर क्यूआर कोड को चिपकाया जा रहा है, जिसे महिलाएं आसानी से स्कैन कर डायल–112 में छेड़खानी संबंधी और अन्य शिकायत दर्ज कर सकेंगी। पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता कल झारखंड पुलिस मुख्यालय में डायल 112 के रिस्पांस टाइम और ट्रैकिंग सिस्टम की समीक्षा करेंगे।

**************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आरोप लगाया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में उनका अपमान हुआ है। सोशल मीडिया पर अपने एक भावुक पोस्ट में श्री सोरेन ने कहा कि जब हेमंत सोरेन जेल से रिहा हुए तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए बाध्य किया गया। उन्होंने कहा कि इससे उनकी भावनाएं आहत हुईं। चंपाई सोरेन ने कहा कि उनका इरादा पार्टी को नुकसान पहुंचाना नहीं है लेकिन वर्तमान परिस्थितियों ने उन्हें अन्य विकल्प चुनने के लिए मजबूर कर दिया है।

**************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन के बयान पर प्रदेश की राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। अलग– अलग दलों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। इस मसले पर मंत्री बन्ना गुप्ता का कहना है कि यह झारखंड मुक्ति मोर्चा का आंतरिक मामला है

वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि चंपाई सोरेन अपनी पार्टी के प्रति एक निष्ठावान नेता रहे हैं। भाजपा में जाने की अटकलों पर कहा है कि चंपाई सोरेन एक कद्दावर नेता है जिनके साथ रहेंगे उन्हें लाभ होगा।

इधर चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर विधायकों को खरीदने और समाज को विभाजित करने का आरोप लगाया है।

**************

देशभर में आज रक्षा बंधन का पर्व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर, बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रंग–बिरंगी राखी बांधती हैं और उनकी समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना करती हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि इस पर्व के दिन, सभी देशवासी, हमारे समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने का संकल्प लें। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कामना की कि यह पवित्र त्योहार रिश्तों में मिठास और लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लाएगा। राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल संतोश गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी हैं।

**************

गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा की पहल पर भाकपा माओवादी के बड़े नेता और 10 लाख रुपए के इनामी नक्सली राम दयाल महतो ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। गिरिडीह पुलिस इस नक्सली को एक कार्यक्रम आयोजित कर मीडिया के समक्ष पेश करने की दिशा में काम कर रही है। इस नक्सली के सरेंडर में उसके बेटे ने अहम भूमिका निभाई है।

**************

सावन की आज आखिरी सोमवारी पर राज्य भर के शिवालयों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सावन की अंतिम सोमवारी और सावन पूर्णिमा को देखते हुए काफी संख्या में श्रद्धालु देवघर के श्रावणी मेला में पहुंच रहे है। सुबह 4 बजे पट खुलते ही जलाभिषेक शुरू हो गया । इधर रांची के पहाड़ी मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा है।

**************

खूंटी जिले के अंगराबारी स्थित बाबा आम्रेश्वर धाम धार्मिक महत्व के साथ–साथ पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात होने लगा है।

**************

रांची की टीम ने झारखंड सीनियर वुशु प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है। रांची के आरके आनंद लान बाल्स स्टेडियम में संपन्न दो दिवसीय प्रतियोगिता में रांची की टीम 134 अंकों के साथ पहले, चतरा की टीम 58 अंकों के साथ दूसरे और दस अंकों के साथ पूर्वी सिंहभूम की टीम तीसरे स्थान पर रही।

**************

<u>संक्षिप्त खबरें</u>

- राजमहल कोल परियोजना के ओसीपी पिट सुरक्षा कमेटी के सदस्यों ने गोड्डा जिले के खनन क्षेत्र के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा मानकों पर चर्चा की।
- गोड्डा जिले के लालमटिया थानाक्षेत्र के ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के कोयला लोडिंग पॉइंट के कांटा घर के पास ट्रक की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई।

*******************